# श्री सत्य साई सेवा संगठन, बिहार

भगवान बाबा की दिव्य अनुकम्पा से राज्य संगठन के मेडिकल विंग ने 11 अप्रैल रविवार को कोविड-19 विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम संगठन के अखिल भारतीय अध्यक्ष श्री निमिष पांडिया जी के निर्देश पर किया गया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से बिहार के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों ने उपस्थित साई भक्तो के साथ कोविड-19 महामारी पर कुछ ख़ास जानकारीयां साझा की। राष्ट्रीय सयोंजक (मेडिकल) श्री टी राम मनोहर रॉव ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की और बिहार के सभी भक्तों को S.M.S (SANITISATION, MASK, SOCIAL DISTANCING) का विधिवत पालन करने के लिए प्रेरित किया। प्रश्नोत्तर के माध्यम से चिकित्सकों ने भक्तों की महामारी सम्बंधित जिज्ञासाओ को भी दूर किया। राज्य संगठन ने राज्याध्यक्ष के निर्देश पर यह निश्चित किया है की इसी तर्ज पर ऑनलाइन मेडिकल जागरूकता अभियान प्रान्त के सभी ज़िलों में जल्द ही प्रारम्भ किया जाएगा। इसी सन्दर्भ में राज्य संगठन ने सभी जिलाध्यक्षो को एक S. M. S बैनर का प्रारूप भी प्रदान किया जिसे सार्वजानिक स्थल पर लगाया जा रहा है।